समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का धमाकेदार आगाज़, डैनी वायट के शतक से इंग्लैडं ने श्रीलंका को 87 रन से रौंदा

Sanket Morankar    Published on 13 Jun 2026




आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आगाज़ मेज़बान इंग्लैंड की शानदार जीत के साथ हुआ। टूर्नामेंट के पहले ही मुकाबले में इंग्लैंड ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 87 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत की सबसे बड़ी नायिका रहीं स्टार बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज, जिन्होंने शानदार शतक जड़कर टीम को रिकॉर्ड स्कोर तक पहुंचाया।

एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाए। यह महिला टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बन गया।

डैनी वायट का शानदार शतक

इंग्लैंड की ओपनर डैनी वायट-हॉज ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 62 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का तीसरा शतक था।

उनका शानदार साथ एमी जोंस ने निभाया, जिन्होंने 53 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 135 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को मजबूत शुरुआत दिलाई।

इसके बाद कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने भी तेज़तर्रार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 22 गेंदों में 46 रन बनाए और टीम को 219 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य के दबाव में बिखरी श्रीलंका

220 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम की कप्तान चामरी अटापट्टू सिर्फ 6

रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। शुरुआती झटकों के बाद श्रीलंकाई बल्लेबाजी दबाव से उबर नहीं सकी।

हर्षिता समराविक्रमा ने 29 रन और नीलाक्षिका सिल्वा ने 39 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम को जीत के करीब नहीं पहुंचा सकीं। पूरी श्रीलंकाई टीम 132 रन पर सिमट गई।

फ्रेया कैम्प की घातक गेंदबाजी

इंग्लैंड की युवा गेंदबाज फ्रेया कैम्प ने अपने वर्ल्ड कप पदार्पण को यादगार बना दिया। उन्होंने 4 विकेट लेकर श्रीलंका की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। कैम्प ने 4 ओवर में सिर्फ 22 रन खर्च किए।

इसके अलावा सोफी एक्लेस्टन और कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने भी 2-2 विकेट हासिल कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

इंग्लैंड ने भेजा मजबूत संदेश

टूर्नामेंट के पहले ही मुकाबले में रिकॉर्ड स्कोर और बड़ी जीत दर्ज कर इंग्लैंड ने खिताब की दावेदारी मजबूती से पेश कर दी है। डैनी वायट का शतक और गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन इंग्लैंड के लिए आने वाले मुकाबलों में भी आत्मविश्वास बढ़ाने वाला साबित होगा।

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत जिस अंदाज़ में हुई है, उससे साफ है कि इस बार टूर्नामेंट में कई नए रिकॉर्ड बनने और टूटने वाले हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.